

# साफ-सफाई के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार

**देवास।** जनपद पंचायत देवास अंतर्गत ग्राम पंचायत खतेड़िया में साफ- सफाई के नाम पर भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में एक ही दिन में लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया, जबकि गांव में इतने बड़े स्तर पर कोई सफाई कार्य होता दिखाई नहीं दिया।

जानकारी अनुसार पंचायत के रिकॉर्ड में एक ही व्यक्ति के नाम पर अलग-अलग मदों में भुगतान दर्ज किया गया है। हैरानी की बात यह है कि एक छोटे से गांव में एक ही दिन में लाखों रुपए की साफ-सफाई दिखाकर राशि निकाल ली गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य सरपंच और सचिव की मिलीभगत से किया गया है। नियमानुसार पांचवें वित्त आयोग से प्राप्त राशि का उपयोग प्राथमिकता से श्मशान घाट और अन्य विकास कार्यों में किया जाना चाहिए, लेकिन पंचायत में इन कार्यों पर कोई विशेष काम नहीं कराया गया और राशि का उपयोग साफ-सफाई के नाम पर निकाल लिया गया।

गांव के लोगों का कहना है कि यदि वास्तव में इतने बड़े स्तर पर सफाई कार्य हुआ होता तो उसके प्रमाण गांव में स्पष्ट दिखाई देते, लेकिन मौके पर ऐसा कुछ भी नजर नहीं आता। इससे पंचायत के कामकाज पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत के रिकार्ड की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि अनियमितता पाई जाती है, तो सरपंच और सचिव के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही पंचायत में हुए अन्य विकास कार्यों और खर्चों की भी जांच की जाए, ताकि शासन की राशि के दुरुपयोग का सच सामने आ सके।

### नियमों को ताक पर रखकर ऐसे किया भुगतान

ग्राम पंचायत खत्तेड़िया में साफ-सफाई के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार के कई तथ्य सामने आए है। विश्वसनीय सूत्र द्वारा उपलब्ध कराए गए तथ्यों के अनुसार राजेश मीणा नामक एक व्यक्ति के नाम पर नाली साफ-सफाई के लिए दिनांक 20.11.2025 को क्रमश: 30 हजार, 28 हजार 500, 25 हजार 500 एवं 27 हजार का भुगतान किया गया है। इसी तारीख 20.11.2025 को सुनील चौहान नामक व्यक्ति के नाम से भी नाली साफ-सफाई के लिए 39 हजार 400 रुपये तथा 40 हजार 500 रुपये का भुगतान किया गया है। इसी तारीख 20.11.2025 को नाली सफाई के नाम ही धर्मेंद्र भाटी नामक व्यक्ति को 12 हजार का भुगतान किया गया है। इस तरह एक दिन में 2 लाख से अधिक का भुगतान केवल नाली साफ-सफाई के लिए किया गया है। नाली सफाई का सिलसिला यही नहीं रुका, दस्तायेजों का अध्ययन करने पर पता चला कि वर्ष 2025 में ही दिलीप जोनवाल को 4 जून 2025 को भी 33 हजार 600 रुपये, 7 जून 2025 को 33 हजार 600 रुपये, 4 अक्टूबर 2025 को 48 हजार 800 रुपये और 41 हजार 500 रुपये का भुगतान किया गया है। इस तरह वर्ष 2025 में मात्र नाली साफ-सफाई के नाम पर ग्राम पंचायत खतेड़िया द्वारा 3 लाख 60 हजार 400 रुपये का भुगतान किया गया है। यह बात तो हुई वर्ष 2025 की, किंतु 2026 के जनवरी माह में ईश्वर मीणा के नाम से नाली सफाई के नाम पर 50 हजार का भुगतान किया गया है। इस मामले की शासन- प्रज्ञासन द्वारा यदि निष्पक्षता से जांच की जाए तो कई चौंकाने वाले मामले सामने आ सकते है।

### सरपंच पर लगाए जा रहे आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत खतेड़िया में सचिव तो यदा-कदा ही आते है। वहीं सरपंच भी केवल नाममात्र के हैं। इन दोनों को क्षेत्र के एक नेता द्वारा इशारे पर चलाया जाता है।

सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि इसी राजनीतिक के कहने पर ही सरपंच-सचिव द्वारा भ्रष्टाचार की कई इबारत लिखी जा रही है। इस भ्रष्टाचार की कुछ लोगों द्वारा लिखित शिकायत की जा रही है, जिसके बाद ग्राम पंचायत में हुए अन्य भ्रष्टाचार के भी मामले उजागर हो सकते है।

## एक नजर में

### प्रीमियर लीग क्रिकेट का तीसरा संस्करण आज से

**सोनकच्छ।** विगत दो वर्षों से क्षेत्र की क्रिकेट प्रतिभागियों के लिए क्षेत्र का सबसे बड़ा मंच सोनकच्छ प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण का शुभारंभ रविवार को होने जा रहा है। जिसमे प्रदेश के देवास, इंदौर, उज्जैन, सीहोर, शाजापुर सहित अन्य जिलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आयोजन में आईपीएल की तरह नीलामी के माध्यम से खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है। जिसमे कुल 16 टीमो में 206 खिलाड़ी इस आयोजन में हिस्सा लेंगे। आयोजन में प्रथम पुरस्कार 51 हजार क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर, द्वितीय 25 हजार करणी सेना जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह राजपूत, विजेता टीम को ट्रॉफी संतोष तिवारी, उपविजेता टीम को राजकुमार यादव, सभी मैचों में मेन ऑफ दी मैच जितेंद्र सिंह पंवार एसबीआई कियोस्क, मैन ऑफ दी सीरीज स्व. अशोक सिंह गौतम की स्मृति में, बेस्ट बल्लेबाज को ट्रॉफी और नगद राशि अमित दरबार, बेस्ट गेंदबाज को नगद राशि और ट्राफी राजकुमार यादव, राइजिंग स्टार को नगद व ट्राफी महेंद्र मालवीय, बेस्ट फील्डर को नगद राशि व ट्राफी जितेंद्र योगी की तरफ से दी जा रही है। साथ ही विशेष सहयोग राशि भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह पिलवानी, पवनदीपसिंह सबरवाल, सुरेंद्र सिंह गौतम, विराज सिंह गौड़ की स्मृति में विशाल सिंह गौड़ की ओर से, आशीष अकोतिया, बसंत दरक, बबलू मकवाणा, कुलदीप कराड़िया, अरविंद खडेलवाल, चंदन नायक, अजय सिंह ठाकुर, तिलकराज सिंह दरबार, सुनील दरक, दीपक नायक द्वारा दी जा रही है। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में समिति का मार्गदर्शन व संचालन पार्षद कृष्णपाल सिंह बघेल करेंगे। आयोजन के सभी मुकाबलों का सीधा प्रसारण राहुल स्पोर्ट्स लाइव पर किया जाएगा। टोनी दरबार, अंकित जाजू, राज ठाकुर व तनवीर सिंह छाबड़ा इस टूर्नामेंट के आयोजक रहेंगे।

### चिया सीड की खरीदी नहीं, किसान परेशान



**खातेगांव।** क्षेत्र में चिया सीड की उचित सरकारी खरीद या स्थानीय बाजार में मांग की कमी के कारण किसान परेशान हैं। अच्छी पैदावार लगभग 3 से 5 क्विंटल प्रति एकड के बावजूद, सही खरीदार न मिलने से किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है, जबकि इस फसल की उत्पादन लागत पारंपरिक फसलों से अधिक है। चिया सीड एक विशेष फसल है, जिसके लिए स्थानीय स्तर पर मंडियां या खरीदार उपलब्ध नहीं हैं। सीधे खरीदार न मिलने से किसान बिचौलियों को कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर हो रहे हैं। क्षेत्र के किसान अशोक गंगराडे, गोविंद पंवार, गोपेश गंगराडे, संदीप जाट, मोहन पटेल, मुकेश यादव, पिंटू यादव, बलरामपुर पुरोहित, सहित क्षेत्र के कई किसान स्थानीय मंडियो में चिया सीड की खरीदी प्रारंभ करने की मांग कर रहे हैं। 15 मार्च को केंद्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान खातेगांव भूमि पूजन और अधिकारियों की बैठक लेने पहुंच रहे हैं क्षेत्र के किसान इस दौरान केंद्रीय मंत्री से चिया सीड की खरीदी क्षेत्र की मंडियो में प्रारंभ की जाए को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे साथ ही उनसे जल्द ही इसकी अधिसूचित करने की मांग करेंगे। क्षेत्रीय विधायक आशीष शर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चिया सीड को कृषि उपज मंडी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित कृषि उपज में शामिल करने की मांग की है। विधायक शर्मा ने पत्र में बताया कि खातेगांव और कन्नौद क्षेत्र में इस रबी सीजन में लगभग 6000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि पर किसानों ने चिया सीड की खेती की और इसकी कटाई भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चिया सीड कृषि उपज मंडी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित नहीं होने के कारण खातेगांव और कन्नौद मंडी में इसकी नीलामी नहीं हो पाती। इसके चलते क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए करीब है 300 किलोमीटर दूर नीमच मंडी जाना पड़ता है। इससे किसानों का समय और परिवहन खर्च बढ़ जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि चिया सीड को शीघ्र अधिसूचित कृषि उपज घोषित किया जाए, ताकि मंडियों के लिए बनाई गई ई-मंडी और ई-अनुज्ञा प्रणाली के माध्यम से किसान अपनी उपज स्थानीय मंडियों में ही बेच सकें। इससे किसानों को बेहतर प्रतिस्पर्धी मूल्य मिलने के साथ समय और धन की बचत भी होगी। इस संबंध में उन्होंने किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के अधिकारियों को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजकर कार्रवाई की मांग करें।

### फतेह सिंह भाटी का निधन

**टोंक खुर्द।** ग्राम अमोना के कुमेर सिंह भाटी के पिताजी एवं डॉ,कृष्ण पाल सिंह के दादाजी व मानसिंह भाटी के बड़े भाई तथा बहादुर सिंह भाटी के चाचा जी फतेह सिंह भाटी का 92 वर्ष में निधन हो गया निधन पर टोंक खुर्द जनपद अध्यक्ष पोप सिंह ठाकुर जीरवाय,पटेल महेंद्र सिंह भाटी,पूर्व सरपंच बलदेव सिंह गुर्जर,पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह भाटी, वरिष्ठ पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा, सहित सर्व समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि दी।



# सुख-समृद्धि की कामना के लिए पीपल की परिक्रमा

**सोनकच्छ।** महिलाओं ने दशा माता का पूजन किया। यह पूजा परिवार की सुख-समृद्धि और धन-संपत्ति की कामना के लिए की जाती है। सुबह से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में, विशेषकर खेड़ापति मंदिर, सोमवारिया मंदिर, श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर स्थित पीपल के वृक्ष के समीप, महिलाएं पूजा-अर्चना की।

पूजन के दौरान महिलाएं पीपल के वृक्ष की परिक्रमा करती हैं और उसके चारों ओर सूत का धागा बांधती हैं। वे विशेष पकवान और पूरी से सजी थाली लेकर आती हैं और विभिन्न प्रकार की पूजा सामग्री पेड़ पर चढ़ाती हैं। पूजा-अर्चना के साथ महिलाएं दशा माता की कथा का श्रवण भी करती हैं। कई महिलाएं इस दिन व्रत भी रखती हैं। मान्यता है कि दशा माता पूजन और व्रत रखने से जीवन के कष्ट कम होते हैं, घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।



# जनगणना अभियान को लेकर बैठक आयोजित

> एक ब्लॉक एक शिक्षक व्यवस्था पर चर्चा की

**लोहारदा।** जनगणना से जन कल्याण की भावना के साथ जनगणना अभियान को प्रभावी रूप से संपन्न कराने हेतु आज नगर परिषद लोहरदा में बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश घावरी ने की।

बैठक में शिक्षकों को जनगणना अभियान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान विशेष रूप से मकानों की नंबरिंग और एक ब्लॉक एक शिक्षक व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने जनगणना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनगणना अभियान भारत सरकार द्वारा प्रत्येक 10 वर्ष में आयोजित की जाने वाली एक महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया है। इसके अंतर्गत देश के प्रत्येक घर और नागरिक की गणना की जाती है। इस प्रक्रिया के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और जनसांख्यिकीय आंकड़े एकत्र किए जाते हैं, ताकि सरकार द्वारा विकास योजनाओं का सही क्रियान्वयन और संसाधनों का उचित वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

# आयुक्त ने किया ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण, देखी प्लांट की व्यवस्था

**देवास।** नगर निगम का गीले एवं सुखे कचरे का निष्पादन कार्य बायपास स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर होता है। ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर शहर के सभी वार्डो से कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से गीला एवं सुखा कचरा निष्पादन कार्य के लिए डाला जाता है।

इसमें कुछ वाहनों में गीला एवं सूखा कचरा एकत्रित होकर एक साथ मिलकर आने की सूचना पर आयुक्त दलीप कुमार ने सभी स्वच्छता निरीक्षकों एवं दरोगाओं को सख्त चेतावनी देते हुए ट्रेंचिंग ग्राउंड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर गीला कचरा एवं सुखा कचरा प्रथक्कीकरण तथा सीएनडी वेस्ट प्लांट को देखा। आयुक्त ने ट्रेंचिंग ग्राउण्ड स्थित एमआरएफ के प्रबंधक श्री कोचालय को सुखे कचरे का निपटान सही तरीके से करने हेतु निर्देशित किया तथा ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर दुर्घटना में मृत पशुओं को ससम्मान कम्पोस्ट पिट समाधि में निराकृत करने के कार्य को देखा। जो सही पाया गया। आयुक्त ने ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित गार्डन को पूर्ण रूप से मेन्टेन करने के निर्देश दिये।



# माहेश्वरी समाज ने अक्षत बलदवा का किया सम्मान

> भारतवर्ष में माहेश्वरी समाज का मान बढ़ाया

**देवास।** माहेश्वरी समाज देवास के मीडिया प्रभारी राजेंद्र मूंदड़ा ने बताया कि अक्षत ने यूपीएससी की परीक्षा में 173 रैंक प्राप्त कर पूरे भारतवर्ष में माहेश्वरी समाज का नाम रोशन किया।

अक्षत बचपन से ही दृष्टि बाधित रहे हैं शुरू से ही उनका लक्ष्य यूपीएससी की एग्जाम पास करना था इसके लिए उन्होंने अपनी माता एवं पिता संजय एवं उनके गुरुजनों की प्रेरणा से ही एवं उनकी इच्छा शक्ति मजबूत होने के कारण वह यहां तक पहुंच पाए हैं। आगे भी एक बार और यूपीएससी की परीक्षा देने का उनका लक्ष्य है। उनकी इच्छा है कि वह 20 रैंक के अंदर प्राप्त हो तो उन्हें ज्यादा खुशी होगी।अक्षत ने सन 2025 में बेंगलुरु के लॉ कॉलेज से एलएलबी भी किया है। अक्षत की इस उपलब्धि पर हम सबको एवं पूरे माहेश्वरी समाज को बहुत ही गर्व है। सावलिया नाथ मंदिर में गरिमा मय कार्यक्रम में अक्षत का समाज बंधुओ ने एवं महिला संगठन युवा संगठन सखी संगठन ने केसरिया दुपट्टा एवं पुष्प मालाओं एवं सम्मान पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर अक्षत के माता-पिता, समाज के जिला अध्यक्ष कैलाश डागा, पूर्व जिला अध्यक्ष मुरलीधर मानधनिया, देवास अध्यक्ष मनोज बजाज,मीडिया प्रभारी राजेंद्र मूंदड़ा, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश भूतड़ा, सचिव अनिल झंवर, अशोक सोमानी, सुनील चांडक, द्वारका मंत्री, महिला संगठन अध्यक्ष अनीता मंत्री, सचिव रेखा लाठी, युवा संगठन अध्यक्ष नितिन चांडक,कल्याण भूतड़ा एवं प्रहलाद चांडक आदि महिला एवं पुरुषों ने जोरदार स्वागत किया। प्रारंभ में मुरलीधर मानधनिया ने अक्षत की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मनोज बजाज ने किया एवं आभार प्रदर्शन राजेंद्र मूदड़ा ने माना।



# विधायक ने दो खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि के सौंपे चेक

**खातेगांव।** क्षेत्र के खिलाड़ी जो निरंतर नेशनल लेवल राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश के साथ-साथ क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित कर रहे हैं ऐसे खिलाड़ियों को समय-समय पर उनके खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायक शर्मा के द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

इसी के अंतर्गत खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विधायक निधि से खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि के रूप में चेक वितरित किये, यह राशि अमृतसर में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप ट्रेक साइकलिंग में सिल्वर मेडल जीतकर, विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खल के अनिरुद्ध मुकेश प्रजापति ने क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। पोलवॉल्ट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में देव मीणा सिलफोडखेड़ा ने भी क्षेत्र का नाम रोशन किया है, विजेताओं को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए खेलवृत्ति के रूप में 25 -25 हजार के चेक खातेगांव विधानसभा के दो खिलाड़ी, के परिजनों को प्रदान किये। अनिरुद्ध के पिता मुकेश प्रजापत ने बताया हम आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है पर मेरे बेटे अनिरुद्ध को यहां तक पहुंचने में क्षेत्रीय विधायक के साथ-साथ यहां के कई गणमान्य नागरिक, डांक्टरो, व्यापारी खेल प्रेमियों की ओर से महंगी साइकिल महंगे जूते यहां तक की उसके लिए बहुत कुछ मदद क्षेत्र से की गई है। खेल शिक्षक योगेश जाणी, ने बताया खेल के प्रति हमारे क्षेत्र के खिलाड़ियों में काफी उत्साह है।



# यशोधरा को साहित्य विभूषण सम्मान

**देवास।** नोएडा, नई दिल्ली में बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स द्वारा प्रायोजित साहित्य सम्मान समारोह में देवास शहर की वरिष्ठ साहित्यकार यशोधरा भटनागर को सूरज प्रसाद अवस्थी साहित्य विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी कथेतर विधा अंतर्गत सद्यप्रकाशित पुस्तक यात्रा वृत्तांत पथ के पन्ने के लिए सुप्रसिद्ध कहानीकार ममता कालिया द्वारा प्रदान किया गया। कथेतर विधा में उनकी यह पहली पुस्तक है जिसमें मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल दतिया, ओरछा, चंदेरी, पचमढ़ी पातालपानी हैरिटेज ट्रेन यात्रा वृत्तांत सहित पंजाब, हिमाचल एवं उत्तर प्रदेश के कुछ स्थलों के यात्रा संस्मरण संग्रहित हैं। इसके पूर्व सुश्री भटनागर की कविता संग्रह और लघुकथा संग्रह की छ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।



## एक नजर में

75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर साथियों का इंदौर एसोसिएशन द्वारा सम्मान किया

# विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन देवास का चतुर्थ स्नेह सम्मेलन

**देवास।** विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन देवास का चतुर्थ स्नेह सम्मेलन स्वास्तिक मैरेज गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरसी सोमानी थे।

विशिष्ट अतिथि लक्ष्मणसिंह चौहान विधि सलाहकार, पी.एन.मकवाने मुख्य परामर्शदाता वि मं पेंशनर्स एसोसिएशन इंदौर थे। कार्यक्रम विशेष आमंत्रित पेंशनर्स एसोसिएशन इंदौर व देवास के पदाधिकारीगण मनोज राणा सचिव, के.के.तिवारी उपाध्यक्ष, सुमनसिंह संगठन सचिव, अमरसिंह पंवार सहसचिव, सी.के.दीक्षित, एस प्रियास्वामी, आर एस चौधरी, अर्जुनसिंह सिसोदिया धार, कैलाश परमार धार, अरविंद सोनी, अनिल तिवारी रतलाम, देवीसिंह चौहान खरगोन थे। अतिथियों ने मां सरस्वती व मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया। अतिथियों का स्वागत देवास अध्यक्ष हुकुमसिंह सायल, सचिव सी.एस.पंवार, एम.सी.मलतारे, एस.के.हिंगे, मधुकर भंवर, मुकुट वर्मा, मोहन मोदी, इब्राहिम, रमेश जोशी, बी के स्वामी, मनोहर फड़नीस, शंकर दलवी, एस.आर. जाट, प्रेम परमार खातेगांव, इंदरसिंह सिसोदिया बागली, गणपति शर्मा कांटाफोड़, निर्भयसिंह नागर बरोठा, चंदर सिंह कुशवाह, उदयसिंह ठाकुर सोनकच्छ, जमनालाल मालवीय भौंरासा ने पुष्पमाला एवं पीला दुपट्टा पहनाकर किया। अतिथियों का परिचय देवास अध्यक्ष हुकुमसिंह सायल ने दिया। मुख्य अतिथि श्री सोमानी ने समस्याओं पर चर्चा की तथा एसोसिएशन का मार्गदर्शन किया। विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन इंदौर सचिव मनोज राणा, विधि सलाहकार लक्ष्मण सिंह चौहान, संगठन सचिव सुमनसिंह तथा देवास के अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में पेंशनरों की मांगों के संबंध में प्रकाश डाला व कहा कि सभी पेंशनर्स संगठन संगठित होकर अपनी विभिन्न मांगों के लिए आंदोलन की रूपरेखा बनाए। अन्य अतिथियों द्वारा भी उपस्थित पेंशनरों को सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम में मुकुट वर्मा की पोती कनिष्का वर्मा द्वारा सांस्कृतिक व देवेन्द्र पंडित, अनिल नाईक, दिलीप तिलक द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर वर्ष 2026 में 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर साथियों का इंदौर एसोसिएशन द्वारा सम्मान किया गया।



# एक दिवसीय दुग्ध उत्पादक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**टोंकखुर्द।** विकासखंड टोंक खुर्द मे जिला सहकारी संघ मर्यादित,रतलाम एवं दुध सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में दुध उत्पादक किसानों के लिए स्वच्छ दुग्ध उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण अन्नपूर्णा गार्डन टोंकखुर्द में संपन्न हुआ।

टोंकखुर्द कैंप के प्रबंधक जयदयाल सिंह चौहान ने किसानों को स्वच्छ दुग्ध उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, पशुओं %की नस्ल सुधार,संतुलित आहार, अनुपयोगी पशुओं के प्रबंधन तथा पशुओं के रख-रखाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि संभव है। जिला सहकारी संघ रतलाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिरुद्ध शर्मा ने जिला सहकारी संघ की राष्ट्रीय दुग्ध विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। पशु चिकित्सालय, रतलाम से आए अतिथि वक्ता डॉ.जे सी,राठौर ने स्वच्छ दुग्ध उत्पादन एवं पशुओं में होने वाले रोगों,उनके उपचार एवं टीकाकरण की आवश्यकता पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही शासन की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी भी किसानों को दी गई। कार्यक्रम में सहकारी प्रशिक्षण केंद्र इन्दौर के सेवानिवृत प्राचार्य निरंजन कुमार ने सहकारिता विभांग की योजनाओं, पंजीकृत सहकारी संस्थाओं के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा सहकारिता के जरिए व्यवसाय करने से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण विभागअधिकारी-कर्मचारी हित बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक किसान उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के जनसंपर्क अधिकारी पिंकेश भट्ट ने किया।आभार पार्षद प्रवीण धाकड़ और सुनील गालोदिया ने किया।